an>

Title: Need to provide compensation to the people who suffered loss of their property in fire accident in Chitrakoot and Banda districts of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलों चित्रकूट एवं बांदा में आग लगने की घटनाओं से सैकड़ों मकान जल गये हैं। वहां सूखा पड़ने के कारण आग बुझाने के लिए नजदीक जल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। अभी कल ही चित्रकूट जनपद में अर्की ग्राम सभा के करौंदिहाई मजरे में आग लगने के कारण करीब तीन दर्जन से ज्यादा मकान तथा उनमें रखा सामान सब कुछ जल गया है। कई जानवर भी जलकर मर गये हैं, कई लोग झुलसकर घायल हैं। फायरब्रिगेड की मशीनें वहां बिना ड्राइवरों के खड़ी हैं। चित्रकूट जनपद में पांच गाड़ियां हैं, जिनमें चार बिना ड्राइवर के खड़ी हैं, केवल एक गाड़ी चल रही है। कई बार कहने के बाद भी ड्राइवर उपलब्ध कराकर उन गाड़ियों को संचालित नहीं किया जा रहा है। पीड़ित परिवारों को अहेतुक सहायता देर से और बहुत ही कम मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है। गृह अनुदान भी काफी समय बाद कम और आंशिक रूप से ही दिया जा रहा है।

अस्तु आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राज्य सरकार को चित्रकूट एवं बांदा जनपद के अग्नि पीड़ित परिवारों को यथाशीघ्र अहेतुक सहायता पर्याप्त बढ़ाकर तुरंत उपलब्ध कराने एवं गृह अनुदान शीघ्र उपलब्ध कराने व अग्नि पीड़ित सभी परिवारों को एक समान रूप से प्रधान मंत्री आवास योजना से आवास उपलब्ध कराने की कृपा करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : ये स्टेट के मैटर्स होते हैं।

श्री अजय मिश्रा टेनी, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री सी.पी.जोशी को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।